# 2026

## HINDI — MINOR

**Paper : MN-4**

**(Hindi Kahani)**

**Full Marks : 75**

*The figures in the margin indicate full marks.*

*Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*

## (हिंदी कहानी)

1. निम्नलिखित गद्यांशो में से किन्हीं ***तीन*** की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 10×3

(क) मृत्यु के कुछ समय पहले स्मृति बहुत साफ हो जाती है। जन्म भर की घटनाएँ एक-एक करके सामने आती हैं। सारे दृश्यों के रंग साफ होते हैं। समय की धुन्ध बिल्कुल उन पर से हट जाती है।

(ख) पैसे खर्च हो रहे हैं, लेकिन पिता की रात कष्ट में ही हैं। लेकिन गजब यह नहीं है। गजब तो पिता की जिद्द है, वह दूसरे का आग्रह-अनुरोध मानें तब न, पता नहीं क्यों? पिता जीवन की अनिवार्य सुविधाओं से भी चिढ़ते हैं।

(ग) हिरामन ने आँख की कनखियों से देखा, उसकी सवारी ... मीता, ... हीराबाई की आँखे गुजुर-गुजुर उसको हेर रही है, हिरामन के मन में कोई अजानी रागिनी बज उठी, सारी देह सिरसिरा रही है। बोला, "बैल को मारते हैं तो आपको बहुत बुरा लगता हैं?"

(घ) उसकी आँखे बंद थी और वह चुपचाप पड़ा हुआ था, लेकिन किसी प्रकार की आहट, किसी प्रकार का शब्द नहीं सुनाई दे रहा था। शकलदीप बाबू एकदम डर गए और उन्होंने काँपते हृदय से अपना बायाँ कान नारायण के मुख के बिल्कुल नजदीक कर दिया और उस समय उनकी खुशी का ठिकाना न रहा, जब उन्होंने अपने लड़के की साँस को नियमित रूप से चलते पाया।

(ङ) बलोच नीचे उतरता है। जख्मी है शायद! मगर वह रुका क्यों? लाशों के लिए कब रुका है वह? पर यह एक घायल लड़की ...। उससे क्या? उसने ढेरों के ढेर देखे है औरतों के ... मगर नहीं, वह उसे जरूर बचा लेगा। अगर बच सकी तो ... तो ...। वह ऐसा क्यों कर रहा है यूनस खाँ खुद नहीं समझ पा रहा ...। लेकिन अब इसे वह न छोड़ सकेगा ... काफिर है क्या?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 12×3

(क) कहानी कला के तत्त्वों के आधार पर 'ब्लैकहोल' कहानी की समीक्षा कीजिए।

(ख) "निर्मल वर्मा की कहानी 'परिंदे' अकेलेपन, घुटन और त्रासद नियति का चित्रण है"– इस कथन की विवेचना कीजिए।

**Please Turn Over**

(ग) ज्ञानरंजन की कहानी 'पिता' में दो पीढ़ियों के भावनात्मक टकराव को अभिव्यक्त किया गया है – तर्क सहित स्पष्ट कीजिए।

(घ) तीसरी कसम कहानी में व्याप्त लोक तत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(ङ) 'बदला' कहानी की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए।

**3.** निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×9

(क) लतिका किस कहानी की नायिका हैं?

(ख) 'गुंडा' कहानी के रचनाकार का नाम लिखिए।

(ग) लहना सिंह किस कहानी का पात्र है?

(घ) पाली कहानी के एक स्त्री पात्र का नाम लिखिए।

(ङ) 'दुनिया का सबसे अनमोल रतन' कहानी के लेखक कौन हैं?

(च) कृष्णा सोबती द्वारा रचित एक कहानी का नाम लिखिए।

(छ) 'हार की जीत' कहानी में डाकू खड्गसिंह का हृदय परिवर्तन कौन करता है?

(ज) 'बदला' कहानी के रचनाकार का नाम लिखिए।

(झ) टेपचू का संबंध समाज के किस वर्ग से है?

---